खबर BHARTI
RNI UPHIN49213
खबर भारती
खबरों का नया नजरिया
खबर BHARTI
शनिवार,10 दिसम्बर आगरा

सेंट फ्रांसिस कोन्वेंट स्कूल के 66 वें वार्षिकोत्सव मे बच्चो ने रंगारंग प्रस्तुति देकर मचाया धमाल

आर्च बिशप डॉ राफी मंजिलि को मुख्य अतिथि और पुरातन छात्र अभिषेक मेहरोत्रा को बनाया गया विशिष्ट अतिथि

आर्च बिशप ऑफ़ आगरा डॉ राफी मंजिलि ने दिया मानवता सदभाव व नैतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश

मुख्य अतिथि आर्च बिशप ऑफ़ आगरा राफी मंजिलि ने मानवता सदभाव व नैतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश देते हुए अपने उद्बोधन मे सबको सम्बोधित करते हुए कहा की जिनकी कथनी और करनी मे फरक नहीं है वही महान नेता बनते है। उन्होने कहा कि दुनिया के लोग आज भी महात्मा गांधी मदर टेरेसा और नेलसन मंडेला को सलाम करते है क्योंकि इन्होने दुनिया का एक अच्छा स्थान बनाने मे योगदान किया। सेवा परमो धर्मा की बात करते हुए उन्होंने समाज को दिए गए अपने योगदान का ध्यान रखना चाहिए का सन्देश दिया।

बिजनेस वर्ल्ड के डिजिटल हेड अभिषेक मेहरोत्रा ने की छात्र छात्रायो के उज्जवल भविष्य की कामना

बिजनेस वर्ल्ड के डिजिटल एड़ीटर अभिषेक मेहरोत्रा ने स्कूल मैनेजमेंट और स्टाफ का धन्यवाद देते हुए बताया कि आज वो जहाँ भी है इस स्कूल की एजुकेशन की बदौलत है। यहाँ से उन्हें सामजिक जिम्मेदारियां निभाने की भी शिक्षा मिली। उन्होंने सभी छात्र छात्रायो के उज्जवल भविष्य की

परचम उपलब्धियों का

मनोरंजन और सामाजिक जिम्मेदारी का अहसास दिलाते हुए पेश की गयी नृत्य नाटिका, देश मे अग्रणी पदों पर तैनात पूर्व छात्र छात्रायो ने भेजी शुभकामनाये,

आगरा।सेंट फ्रांसिस कोन्वेंट स्कूल के ऐनवल डे का रंगारंग आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ इस दौरान स्कूल के छात्र छात्रायो ने बेहतरीन प्रस्तुतियों के माध्यम से वहां उपस्थित सभी लोगो को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वजीरपुरा स्थित सेंट फ्रांसिस कोन्वेंट स्कूल के 66 वार्षिक उत्सव का आयोजन शुक्रवार शाम स्कूल प्रांगण मे किया गया। इस कार्यक्रम मे आर्च बिशप ऑफ़ आगरा डॉ राफी मंजिलि, बिजनेस वर्ल्ड के डिजिटल एड़ीटर अभिषेक मेहरोत्रा और स्कूल की अध्यक्षा सिस्टर मेटिलदा मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद रही। वार्षिक उत्सव की शुरुआत स्वागत नृत्य के साथ हुई.. इसके बाद स्कूल की प्रबंधिका सिस्टर जोयस और प्रिंसिपल सिस्टर शेरिन द्वारा अतिथियों का स्वागत शाल ओढ़ा कर और सेपीलिंग देकर किया गया। उसके बाद सभी अतिथियों ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। प्रिंसिपल सिस्टर शेरिन ने वार्षिक प्रगति विवरण के साथ साथ मेरिटोरियस छात्र छात्रायो को सम्मानित किया। इस दौरान सीएफएमएसएस की संस्थापिका मदर सेरेफिना के शिक्षा दर्शन आदर्श मूल्यों तथा जन कल्याणकारी कार्यो पर आधारित "परचम उपलब्धियों का" नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति की गयी। इस नाटय प्रस्तुति मे सर्वप्रथम ढूंढता मै कहाँ तेरे निशा गीत पर छात्र छात्रायो ने बेहतरीन डांस पेश किया। इसके बाद लगातार नाटिका के दौरान विभिन्न गीतों पर कठपुतली डांस, पर्यावरण को सहेजने संबंधी गीत पर डांस, पंजाबी डांस और इकजोत द्वारा किया गया गतका परफोमेंन्स, फयूजन डांस, कर हर मैदान फ़तेह और नाचो नाचो गीत पर छात्र छात्रायो की प्रस्तुति पर वहां मौजूद सभी लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। नाटिका के दौरान कोरोना की विभीषिका का भी दृश्यात्मक चित्रण किया गया वही कोरोना काल के दौरान मोबाइल के आदि हो गए छात्र छात्रायो के लिए भी सन्देश दिया गया।

खबर